बिहार सरकार

कला एवं संस्कृति विभाग

ज्ञाप संख्या–2 / वि.60–150 / 2023–............../ पटना, दिनांक ..................../ 2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,

पटना।

विषय :– लखीसराय जिला के लिए सांस्कृतिक कैलेण्डर–2026 में शामिल उत्सव / महोत्सव / सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निमित संलग्न विवरणी के अनुसार कुल ₹ 12,00,000/–(बारह लाख रूपये) मात्र की निकासी की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

2– राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–08 के अधीन बजट शीर्ष "2205–कला एवं संस्कृति–102–कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन–0101–कला और संस्कृति का संवर्द्धन विपत्र कोड–08–220500102010 1 के अंतर्गत विषय शीर्ष 2002 कान्फ्रेंस, कार्यशाला सेमिनार में होगा।

3– इस राशि की निकासी जिला पदाधिकारी लखीसराय द्वारा जिला कोषागार, लखीसराय से की जायेगी तथा संलग्न विवरणी के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा।

4– जिला पदाधिकारी द्वारा संलग्न सूची के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन स्वीकृत राशि के अंतर्गत ही हो इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5– उक्त राशि का कार्यान्वयन प्रतिवेदन एवं व्यय विवरणी, विडियो, फोटोग्राफ आदि एक माह के अंदर विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– यह स्वीकृति वित्त विभागीय परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.1998 एवं वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

7– उक्त प्रस्ताव पर आंतरिक वितीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0–2 / वि.60–150 / 2023 के पृष्ठ–35 / टि0, दिनांक–29.07.2026 एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन पृष्ठ–34 / प0, दिनांक–20.07.2026 पर प्राप्त है।

8– वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि (2) दिनांक–05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार से प्राधिकार–पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

(रूबी)

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

ज्ञापांक 268....../ पटना, दिनांक ................/ 2026

प्रतिलिपि :– जिला कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय को संलग्न विवरणी के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, लखीसराय / जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, लखीसराय को संलग्न विवरणी के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक, सांस्कृतिक कार्य / प्रशाखा पदा0–1 एवं 2 / सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट) / आई0टी0 प्रबंधक (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

[illegible]
कार्यक्रमों की स्वीकृत राशि की विवरणी :–

| क्र० | उत्सव / महोत्सव / सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| 1 | लाल पहाड़ी महोत्सव, लखीसराय | 5,00,000 / – |
| 2 | किउल महोत्सव, लखीसराय | 5,00,000 / – |
| 3 | अशोक धाम महोत्सव, लखीसराय | 2,00,000 / – |
| | कुल– | 12,00,000 / –<br>(बारह लाख रूपये) |

(रूबी)
निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।